**Inquiries against retired employees of Western Railway**

2911. SHRI RAM CHANDRA VIKAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Western Railway had conducted inquiries against the retired employees, who retired from service during the period from 1st January 1985 to 30th June, 1986; and

(b) if so, on what grounds and the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS. (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) Three officers/staff of the Western Railway who retired between 1st January, 1985 and 30th June, 1986 are facing inquiry. They are facing charges arising out of vigilance investigations.

**एअर इंडिया में ठेकेदारों द्वारा सफाई कार्य कराया जाना**

2912. **श्री राम चन्द्र विकल:** क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया तथा इंडियन एयरलाइन्स में सफाई कार्य ठेकेदारों के द्वारा करवाया जा रहा है ;

(ख) इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या यह सच है कि ठेकेदार सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दे रहे हैं तथा इस प्रकार ठेकेदारों के जरिए बंधुआ मजदूरी की प्रथा चलाई जा रही है ; यदि हां, तो सफाई कर्मचारियों की नियमित भर्ती न किये जाने के क्या कारण हैं ?

**नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर)** : (क) और (ख) एयर इंडिया में सफाई का कार्य पूर्ण-कालिक नहीं होता है, इसलिए यह कार्य निगम द्वारा ठेकेदारों को सौंपा गया है । जहां तक इंडियन एयरलाइन्स का संबंध है, सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) एयर इंडिया द्वारा ठेकेदारों के साथ किये गये अनुबन्ध में यह व्यवस्था है कि ठेकेदार मजदूर को सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अधीन समय-समय पर निर्धारित न्यूनतम मजदूरी देगा । मुख्य नियोक्ता के रूप में निगम यह सुनिश्चित करता है कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाता है । ठेकेदारों द्वारा लगाए गए मजदूर को बंधुआ मजदूर नहीं समझा जाता है । इंडियन एयरलाइन्स के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**इंडियन एयरलाइन्स में दैनिक मजदूरी कामगार**

2913. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन एयरलाइन्स (उत्तरी क्षेत्र) में नवम्बर, 1985 से लेकर अब तक दैनिक मजदूरी पर कितने सफाई कामगार नियुक्त किये गए हैं ;

(ख) क्या नवम्बर, 1985 में सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए इन्टरव्यू लिये गये थे और सफल प्रत्याशियों की वरिष्ठता सूची तैयार की गई थी ;

(ग) क्या अब तक नियुक्त किये गये सफाई कर्मचारियों के नाम वरिष्ठता सूची में हैं ; और

(घ) वरिष्ठता सूची होने के बावजूद दैनिक मजदूरी पर भर्ती करने के क्या कारण हैं और कब तक नियमित आधार पर नियुक्तियां किये जाने की सम्भावना है ?

**नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर)** : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।